# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776
E-mail ID- eeetwupjnrural@gmail.com


**पत्रांक** 1774 / W23 /36 दिनांक : 18/05/2026

**सेवा में,**

**प्रभारी अधिकारी**(शिकायत),
कृते जिलाधिकारी,
**इटावा।**

**विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 17.05.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''अबबाकरपुर में जल जीवन मिशन का पानी बर्वादः नल से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा, ग्रामीण परेशान'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र **दैनिक** भास्कर में दिनांक 17.05.2026 को प्रकाशित ई–**समाचार** ''अबबाकरपुर में जल जीवन मिशन का पानी बर्वादः नल से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा, ग्रामीण परेशान'' खबर प्रकाशित की आख्या चाही गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम पंचायत चन्दपुरा पेयजल योजना की है, जो जल जीवन मिशन(फेज–2) कार्यक्रम के अर्न्तगत स्वीकृत है। वर्तमान में चन्दपुरा पेयजल योजना से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम अबाबकरपुर, चन्दपुरा पेयजल योजना से आच्छादित है। प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्टेण्ड पोस्ट में टोंटी लगी हुई थी, जिसके खुलने की जानकारी प्राप्त होने पर उक्त पानी की टोंटी पुनः लगा दी गयी है(फोटोग्राफ संलग्न)।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : फोटोग्राफ।**

भवदीय

**(के0के0 प्रजापति)**
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता


हर घर जल
जल जीवन मिशन
उत्तर प्रदेश
ग्रा.पं. चन्द्रपुरा
जिला इटावा
GPS Map Camera
Check In
Ababakerpur, Uttar Pradesh, India
M3gw+3v9, Ababakerpur, Uttar Pradesh 206127, India
Lat 26.674767° Long 79.096805°
18/05/2026 12:39 PM GMT +05:30
Google

# अबबाकरपुर में जल जीवन मिशन का पानी बर्बाद: नल से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा, ग्रामीण परेशान

अंकुर कुमार | विधीपुर(भरथना), इटावा
1 दिन पहले



जल जीवन मिशन लगाए गए नलों से पानी की बर्बादी।

महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत चंद्रपुरा के मजरा अबबाकरपुर में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों से पानी की बर्बादी हो रही है। गांव के तालाब के पास लगे एक नल में टोटी न होने के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

यह स्थिति तब सामने आई है जब सरकार जल संरक्षण और 'हर घर जल' योजना को बढ़ावा दे रही है। विभागीय लापरवाही के कारण पेयजल की भारी बर्बादी हो रही है।

ग्रामीणों ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। रामकिशोर, भारत सिंह और सर्वेश कुमार सहित अन्य स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द नल में टोटी लगवाने और पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है।

इस संबंध में, परियोजना पर कार्य कर रही कंपनी के इंजीनियर सौरभ सिंह ने बताया कि नल में टोटी लगाई गई थी, लेकिन वह चोरी हो गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नई टोटी लगवा दी जाएगी।